हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 17 अक्टूबर 2025



तापमान
अधिकतम 31.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

4 पिथौरा पहुंचने 12 किमी का अतिरिक्त सफर कर ...



4 बसना विधायक ने कहा: बेटियां बढ़ेगी, तो देश भी बढ़ेगा



## खबर संक्षेप

### अवैध परिवहन पर होगी सख्त निगरानी

**महासमुंद**। छत्तीसगढ़ शासन की खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 की धान एवं मक्का उपार्जन नीति के तहत इस वर्ष किसानों से समर्थन मूल्य पर सुचारू और पारदर्शी रूप से धान खरीदी सुनिश्चित करने की दिशा में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिले में उड़ीसा एवं अन्य राज्यों से अवैध रूप से धान लाकर छत्तीसगढ़ के उपार्जन केंद्रों में विक्रय को रोकने के लिए कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देश पर 16 जांच चौकियों (चेक पोस्ट) की स्थापना की जा रही है। ये चौकियां जिले की सीमाओं पर आगामी 01 नवंबर 2025 से धान उपार्जन अवधि की समाप्ति तक संचालित रहेंगी। इन चौकियों पर राजस्व, कृषि उपज मंडी समिति, वन विभाग और पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी जांच चौकियों पर वाहनों की गहन जांच की जाएगी ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले अवैध धान के परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इसके साथ ही, सभी तहसीलों में एक-एक निरीक्षण दल भी गठित किया गया है, जो क्षेत्र में अवैध भंडारण और परिवहन गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखेगा।

### चार लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद**। पिथौरा पुलिस ने महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाले ग्राम नयापारा कला के एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि ग्राम नयापारा कला में एवन ध्रुव नामक व्यक्ति अपने घर के सामने देशी हाथ भट्टी से बनी महुआ शराब बिक्री कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने उक्त व्यक्ति से पूछताछ की जिस पर उसने अपना नाम एवन ध्रुव पिता खेदूराम ध्रुव (24 साल) निवासी नयापारा कला पिथौरा बताया। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चार लीटर हाथ भठ्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब व नगदी बिक्री रकम 200 रुपये को बरामद कर धारा 34(1)ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# सुरक्षा मानकों की अनदेखी, शहर के बीच जुटा ज्वलनशील पटाखों का जखीरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शहर के बीच लगे बारुद का ढेर और फटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी हो रही है। एसडीएम कार्यालय से अनुज्ञा लेने के दौरान प्रस्तुत किए जाने वाले सुरक्षा के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। वहीं अनुविभाग स्तर के अफसरों को इस बात की फुर्सत नही कि दुकानों में हो रही इन सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर कार्रवाई करें। इधर, पालिका ने पटाखा दुकानों से राजस्व प्राप्ति कर ली लेकिन सुरक्षा के इंतजाम अब तक नही किए जा सके हैं जो किसी बड़े हादसे को आमंत्रित कर सकता है। मैदान में जगह-जगह सजी पटाखों की दुकानों में किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक बुनियादी सुरक्षा उपाय नही हैं वहीं फायर ब्रिगेड की गाड़ी या दमकल कर्मी मौजूद नहीं हैं। आग बुझाने के लिए अनिवार्य रेत की बाल्टियां या पानी से भरे ड्रम, टैंकर भी उपलब्ध नहीं हैं। अधिकांश दुकानों में अग्निशामक यंत्र नहीं रखे गए हैं, जबकि नियमतः यह अनिवार्य है। अस्थायी पटाखा बाजार के लिए बनाए गए सख्त सुरक्षा नियमों की नगर के हाई स्कूल मैदान में धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। नियमों के तहत अनिवार्य प्रावधान, जिनकी जान-माल की सुरक्षा के लिए पालना जरूरी है।

## हाई स्कूल मैदान के पटाखा दुकानों में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी

### प्रतिबंधित निर्माण सामग्री का उपयोग

नियमों के अनुसार, पटाखा दुकानें अनिवार्य रूप से टिन शेड की होनी चाहिए, ताकि आग लगने का खतरा कम हो। इसके विपरीत, मैदान में अधिकांश दुकानें टेंट वाले कपड़े, तिरपाल से बनी हैं। यह सामग्री अत्यंत ज्वलनशील है और पूरी तरह से प्रतिबंधित है। एक चिंगारी इन दुकानों को मिनटों में राख कर सकती है। नियमों के अनुसार, दो दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की सुरक्षित दूरी होनी चाहिए, ताकि यदि एक दुकान में आग लगे, तो वह दूसरी दुकान को तुरंत अपनी चपेट में न ले। इसका भी पालन नहीं किया गया हैं।



### बड़ा हादसा होने का इंतजार

सुरक्षा में अनदेखी से यह लग रहा कि लोगों की जान की परवाह नहीं की जा रही है। एक जरा-सी चिंगारी या शॉर्ट सर्किट, हाई स्कूल मैदान को एक बड़े अग्निकांड का रूप दे सकता है, जिसमें न सिर्फ लाखों का माल जलकर खाक हो सकता है, बल्कि बड़ी संख्या में जनहानि भी हो सकती है। प्रशासन को तुरंत इस ओर ध्यान देना चाहिए और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

### सुरक्षा के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता

कपड़े से बनी दुकानों को तुरंत हटाकर टिन शेड वाली दुकानें स्थापित कराई जाएं। प्रत्येक दुकान पर अनिवार्य रूप से रेत की बाल्टियां, पानी से भरा ड्रम और चालू हालत में अग्निशामक यंत्र रखवाए जाएं। मैदान में तत्काल एक पानी का टैंकर और फायर ब्रिगेड की गाड़ी की तैनाती सुनिश्चित की जाए। दुकानों के बीच 3 मीटर की दूरी सुनिश्चित की जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के लाइसेंस रद्द किए जाए।

## कार्रवाई: पलसापाली बैरियर के पास चेकिंग के दौरान की गई कार्रवाई

# अंतरराज्यीय तस्करों से एक क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला पुलिस ने पलसापाली बैरियर के पास चेकिंग के दौरान गांजा के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। अंतरराज्यीय तस्करों से एक क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त किया गया है। मामले में बसना थाने में दो आरोपियों के विरूद्ध नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार पलसापाली बेरियर में वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप वाहन क्रमांक यूपी 65 सीजी 0136 में दो व्यक्ति सवार होकर आये। पिकअप वाहन के पीछे डाला में चार सफेद बोरी रखे हुये थे, जिसके बारे में पूछने पर पर बोरी के अंदर गांजा होना बताए। वहीं संदेहियों से पूछताछ में पिकअप वाहन चालक ने अपना नाम अनिल कुमार पासवान पिता सिमरत पासवान (31 साल) अर्रा थाना मोहनिया जिला कैमूर भभुवा (बिहार) तथा ड्राइवर के बाजू वाले सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अरूण सोलंकी पिता सुरेन्द्र सिंह सोलंकी (33 साल) खानपुर थाना चोला जिला बुलंदशहर(उप्र) निवासी होना बताए।



पुलिस को संदेहियों ने गांजा को सोनपुर ओडिशा के आगे से उत्तर प्रदेश ले जाना बताया। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, नगद रकम जब्त किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गांजा का अवैध परिवहन कर रहे बाइक सवार एक्सीडेंट में घायल

एक्सीडेंट में घायल बाइक चालक व एक महिला के कब्जे से सिंघोड़ा पुलिस ने 1.95 लाख रुपए का गांजा जब्त किया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार सिंघोड़ा पुलिस को सूचना मिली कि खम्हारपाली आरटीओ चेक पोस्ट के पास एक्सीडेंट होने से एक महिला पुरूष एवं बच्चा बेहोशी की हालत में पड़े हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने देखा कि प्लास्टिक के स्टापर में ठोकर से एक्सीडेंट कर एक महिला और पुरूष बेहोशी की हालत में पड़े थे। महिला के बांये घुटने, पीठ एवं पुरूष के सिर, दाहिने कान के पास, दाहिने हाथ एवं बच्चे के हाथ में खरोंच आई है। जिन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी सरायपाली रवाना किया गया। वहीं पुलिस ने घटनास्थल में आरोपी वाहन चालक की पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एन 0436 एवं एक्सीडेंट में घायल हुए महिला-पुरूष के दो बैगों की तलाशी ली गई। दोनों बैगों के अंदर कुल 13 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 1,95,000 रुपए बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट, 281, 125(ए) बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई। वहीं मामले में आरोपियों के अस्पताल से डिस्चार्ज होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए सतत निरीक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आयुक्त खाद्य सुरक्षा तथा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। निरीक्षण में 14 से 16 अक्टूबर 2025 तक खाद्य सुरक्षा अधिकारी शंखनाद भोई द्वारा त्यौहारी सीजन में अत्यधिक उपयोग होने वाली मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों जैसे पेड़ा, खोवा, कलाकंद, पनीर, सलोनी, बेसन लड्डू आदि के कुल 07 सर्विलेंस एवं आटा, चावल के विधिक नमूने संकलित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी, रायपुर को जांच हेतु प्रेषित किए गए हैं। दीपावली पर्व के मद्देनजर 25 सितम्बर 2025 से अब तक महासमुंद जिले से कुल 27 सर्विलेंस एवं 09 विधिक नमूने संकलित किए जा चुके हैं। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न होटलों का निरीक्षण कर 50 नमूनों का मौके पर प्रारंभिक परीक्षण किया गया, जिनमें से 03 खाद्य पदार्थ अवमानक पाए गए हैं। निरीक्षण के दौरान होटल संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों के विक्रय के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अवमानक खाद्य पदार्थों का विक्रय पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच एवं निरीक्षण की कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

# कौंसरा गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट, काउंटर रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कौंसरा में दो पक्षों के बीच मारपीट के मामले में आरोपियों के विरूद्ध तेंदूकोना थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को कौंसरा निवासी हेमंत सहिस ने बताया कि 14 अक्टूबर की शाम 6 बजे उसके घर में मेहमान लखन सहिस ग्राम पिडही, दशरथ साहू ग्राम गढ़सिवनी से आये थे, जिनके साथ अपने घर में खाना खाकर बातचीत कर रहा था, उसी समय मेरे गांव का राजेंद्र निषाद नशे की हालत में उसके घर के सामने आकर गाली गलौज कर रहा था, जिसे मना किया, लेकिन वह नहीं माना। इसी दौरान राजेंद्र निषाद के द्वारा गांव के यादराम साहू को बुलाया गया और दोनों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के यादराम साहू निवासी कौंसरा ने बताया कि 14 अक्टूबर की रात्रि करीबन 8 बजे गांव के राजेंद्र निषाद ने फोन कर बताया कि हेमंत सहिस शराब के नशे में गाली गलौज कर विवाद कर रहा है। तब उसने घर से निकल कर देखा तो हेमंत सहिस गांव के राजेंद्र निषाद के साथ गाली गलौज कर रहा था, जिसे उसने समझाया, लेकिन आरोपी हेमंत सहिस ने उत्तेरजित होकर तुम कौन होते हो समझाने वाले, कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। झगडा शांत होने के बाद प्रार्थी और राजेंद्र अपने-अपने घर वापस जा रहे थे, तभी आरोपी हेमंत सहिस ने अपने घर अंदर रखे एक लकड़े का डंडे से मारपीट किया। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

- जिले के तेंदूकोना थाने में अलग-अलग मामला दर्ज कर लिया गया विवेचना में

# जिला स्तरीय संयुक्त टीम ने किया औद्योगिक केंद्रों का निरीक्षण, अनियमितता पर भेजा गया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी विनय कुमार लंगेह के निर्देश के परिपालन में जिला स्तरीय संयुक्त टीम द्वारा बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण दल में प्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र शशिकांत सिंह, श्रम पदाधिकारी श्रम विभाग डीएन पात्र एवं परिवहन अधिकारी परिवहन विभाग आरके ध्रुव उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान रातू सरिया उद्योग, ओजस एग्रो केमिकल तथा मेसर्स वीर इंडस्ट्रीज बिरकोनी का परीक्षण किया गया। इस दौरान जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा परिवहन विभाग की जांच में किसी भी प्रकार की कमी नहीं पाई गई। श्रम विभाग द्वारा न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948, समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 तथा वेतन भुगतान अधिनियम 1936 के अंतर्गत निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान संस्थानों द्वारा आवश्यक रिकार्ड प्रस्तुत नहीं किया गया तथा सूचनाएँ प्रदर्शित नहीं पाई गईं। इस संबंध में संबंधित औद्योगिक इकाइयों के प्रबंधन को नोटिस जारी किया जा रहा है। साथ ही छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के अंतर्गत वेलफेयर फंड जमा किया जाना पाया गया। संयुक्त टीम द्वारा यह सुनिश्चित किया गया कि भविष्य में समस्त औद्योगिक इकाइयां श्रम कानूनों एवं शासन के निर्देशों का पूर्ण पालन करें।

## राज्य स्तरीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में बागबाहरा की जया रही प्रथम

# तीरंदाजी स्पर्धा में डोमेश्वरी ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

25वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन रायपुर द्वारा 15 अक्टूबर को खेल अकादमी रायपुर में आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। महासमुंद जिले से जिला तीरंदाजी संघ एवं खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद की डोमेश्वरी साहू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

बाल आश्रम बिहाझर बागबाहरा के तोरण यादव पिता नेतराम यादव ने इंडियन राउंड में 682 अंक बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। चांदनी साहू पिता बलदेव साहू बागबाहरा ने इंडियन राउंड में 678 अंक बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जया साहू पिता सोमनाथ साहू बागबाहरा ने रिकर्व राउंड में द्वितीय स्थान एवं खेलों इंडिया तीरंदाजी सेंटर एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग महासमुंद की डोमेश्वरी साहू पिता लिखन साहू ने रिकर्व राउंड में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कंपाउंड राउंड बालिका वर्ग में देविका साहू पिता टीकम साहू महासमुंद ने द्वितीय स्थान एवं बागबाहरा की नवलीन कौर पिता अरविंद छाबड़ा ने चौथा स्थान प्राप्त किया। वर्तमान में तोरण यादव एवं नवलीन कौर साईं सेंटर रायपुर, चांदनी साहू बिलासपुर अकादमी, देविका साहू रायपुर अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी होने वाले राष्ट्रीय चैंपियनशिप अरुणाचल प्रदेश के लिए हुआ हैं।



राज्य स्तरीय सब जूनियर तीरंदाजी चैंपियनशिप रायपुर में जिले के खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयन होने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग शिल्पा साय, छात्रावास अधीक्षक डॉ. पुर्नेंद्र चंद्राकर, जिला तीरंदाजी संघ बागबाहरा जिला महासमुंद अध्यक्ष डॉ. विकास अग्रवाल, सचिव एवन कुमार साहू, कोषाध्यक्ष अरविंद छाबड़ा, सोमनाथ साहू, व्यायाम शिक्षक ऋषि कपूर साहू, कमला मांझी, डॉ. सुनील कुमार भोई, हिरेंद्र देवांगन, दुर्गेश नंदनी, बसंत मांझी, संजय पैकरा, रंजीत कौर, पीरित साहू, रिंकल बग्गा, प्राचार्य एकलव्य महेंद्र टंडन, व्यायाम शिक्षक गौरव शर्मा, नीलम साहू एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के समस्त स्टॉफ ने हर्ष जताया है।

# संभाग स्तरीय से चयनित राज्य स्तरीय में बाजी मारने के लिए लगाई छलांग

**महासमुंद**। द न्यू होली फेथ स्कूल की छात्राएं अध्यापन के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी हिस्सा ले रही हैं। वैज्ञानिक सोच रचनात्मक, सृजनात्मक गतिविधियों विशेषकर खेलों में जैसे कबड्डी, हैंडबॉल, खो-खो, बेसबॉल आदि। अभी हाल ही में ही हैंडबॉल में छात्रा इंसा फातिमा ने जीत बटोरी। इसी छात्रा की बड़ी बहन इरम फातिमा पिता सैय्यद इमरान अली ने 19 वर्ष बालिका वर्ग खेल आयोजन कबीरधाम में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अब 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसबॉल 14वर्ष बालिका वर्ग संभाग स्तरीय आयोजित खेल स्थान धमतरी से खिलाड़ियों ने बाजी मारकर राज्य स्तरीय में छलांग लगाई। होनहार ऊर्जावान बालिकाओं कुमकुम साहू पिता मनोज साहू, लावण्या सिन्हा पिता ईश्वर सिन्हा, अर्चना शर्मा पिता राजेंद्र प्रसाद, नेहा साहू पिता गिरधारीलाल, मामशी साहू पिता पुरुषोत्तम साहू, तूबा फातिमा पिता जाकिर रजा इन खिलाड़ियों ने प्रतिदिन खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर के मार्गदर्शन में नियमतः कठिन अभ्यास किए हैं। प्रतिफल अच्छा ही रहेगा। खेलों में प्रतिद्वंदियों के द्वारा हार जीत तो होती है। कोई एक जीतता है,तो कोई एक हारता है,किंतु हार से कभी निराश नही होना चाहिए, हार से सीख मिलती है,कमियों,खूबियों की जानकारी होती है। इसलिए हार भी गर्व से मुस्कुराते हुए स्वीकार करना चाहिए। खिलाड़ियों के चयन पर संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, समिति मेंबर कविता पींचा, वंदनीय श्रेष्ठ मार्गदर्शिका नंदनी चतुर्वेदी, किशोर शुक्ला, दिलीप बोथरा आदि ने हर्ष जताया है।



## खबर संक्षेप

### रेडक्रास शिविर में रोहिना स्कूल के छात्रों ने लिया भाग

**सरायपाली (ग्रामीण)।** भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला इकाई महासमुंद द्वारा सिरपुर में आयोजित तीन दिवसीय रेडक्रॉस शिविर में शासकीय हाई स्कूल रोहिना के छात्र अजय राणा, अनिल ओगरे, संदीप सेठ, सुमित यादव ने संस्था प्रमुख अजय कुमार जायसवाल के मार्गदर्शन एवं रेडक्रॉस काउंसलर क्रांति कुमार साहू के नेतृत्व में भाग लिया। उन्होंने न सिर्फ प्रशिक्षण का लाभ लिया बल्कि प्राचीन नगरी सिरपुर का भ्रमण कर ऐतिहासिक धरोहरों का अवलोकन भी किया। वापसी के बाद उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों से अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला तथा पहली बार लक्ष्मण मंदिर, गंधेश्वर मंदिर, बौद्ध स्तूप, बौद्ध प्रतिमा, संग्रहालय आदि को देखने का अवसर मिला। इस प्रशिक्षण में जिले भर के करीब सात सौ प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

### आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना से स्वस्थ हो रहा महासमुंद जिला

**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष 2025-26 के अवसर पर महासमुंद जिला जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हो रहा है। शासन की मंशानुरूप आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना का लक्ष्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को गुणवत्तापूर्ण, कैशलेस और सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। कलेक्टर विनय लंगेह के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में 257 जन आरोग्य मंदिरों के माध्यम से जन-जागरुकता और सेवा विस्तार का कार्य निरंतर जारी है। इन केंद्रों पर नागरिकों को योजना की जानकारी, पात्रता जांच, दस्तावेज सत्यापन और आयुष्मान कार्ड निर्माण की सुविधा एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही है। अब तक जिले में 10 लाख 16 हजार 800 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का लगभग 88.4 प्रतिशत है। इनमें ग्रामीण क्षेत्र के 9 लाख 9 हजार 955 और शहरी क्षेत्र के 1 लाख 6 हजार 845 लाभार्थी शामिल हैं। विकासखंड स्तर पर पिथौरा, बागबाहरा, बसना, सरायपाली और महासमुंद सभी क्षेत्रों में विशेष शिविरों एवं घर-घर संपर्क अभियान के माध्यम से कार्ड निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए जिले में 27 हजार 816 आयुष्मान वय वंदन कार्ड बनाए गए हैं।

### आयोजन : झलप में हुआ संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन

# महोत्सव में सांसद ने कहा: खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

- विजयी खिलाड़ियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंटकर किया गया सम्मानित

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संकुल स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन बुधवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप के मैदान में हुआ।

यह आयोजन "फिट युवा फॉर विकसित भारत" के उद्देश्य से युवाओं में ऊर्जा, उत्साह और प्रतिस्पर्धा की भावना जागृत करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने की। इस अवसर पर मंच पर जनपद सदस्य बलविंदर सिंह सीटू, सृष्टि मोहित ध्रुव, सुषमा राकेश टंडन, गब्बर साहू, प्रकाश पटेल, झलप सरपंच राकेश साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष निर्भय नायक, विधायक प्रतिनिधि शम्मी सलूजा, भाजपा नेता कमल कौशिक, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश्वर साहू, छिलपावन सरपंच राधेश्याम पटेल और सतीश मार्कंडेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का समापन जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, डीएमसी रेखराज शर्मा और बीआरसी जागेश्वर सिन्हा की उपस्थिति में हुआ। विजयी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ियों और शिक्षकों के लिए भोजन व्यवस्था हॉस्टल अधीक्षक धर्मेंद्र साहू द्वारा की गई। कार्यक्रम की उत्कृष्ट संचालन व्यवस्था के लिए संकुल समन्वयक सतीश तिवारी और सचिव हेमेंद्र नाथ योगी की प्रशंसा की गई। यह आयोजन न केवल खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का प्रतीक रहा, बल्कि युवाओं में उत्साह, जोश और ऊर्जा का संचार करने वाला प्रेरक आयोजन भी सिद्ध हुआ।



#### अधिकारियों और शिक्षकों की रही सक्रिय भूमिका

कार्यक्रम में सहायक जिला खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना ढालेन, प्राचार्य विजयलक्ष्मी सिदार, संकुल समन्वयक झलप सतीश तिवारी, छिलपावन से कौशल सिन्हा, नरतोरा से कमल कुर्रे, मुनगासेर से देवा पटेल, तुरेंगा से शाहिद खान, डुमरपाली से मनीष चंद्राकर, बरेकेल कला से घनश्याम दीवान, पीटीआई राजेश्वरी ध्रुवंशी सहित अनेक शिक्षक, पंचायत सचिव एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

#### सांसद बोलीं: खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा

अपने संबोधन में सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती मिलती है बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी विकसित होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा 'फिट इंडिया मूवमेंट' और 'सांसद खेल महोत्सव' जैसे आयोजन युवाओं को ऊर्जा और दिशा दे रहे हैं।" उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे पूरे समर्पण और ईमानदारी से खेलें और आने वाले समय में जिले व प्रदेश का नाम गौरवान्वित करें। कार्यक्रम की शुरुआत में हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर आधारित स्वागत गीत और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। इसके बाद खिलाड़ियों द्वारा बैंड की धुन पर आकर्षक मार्च पास्ट किया गया, जिसके उपरांत सांसद ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो, लॉन्ग जंप, हाई जंप, जेवेलिन थ्रो और गोला फेंक जैसे खेलों का आयोजन हुआ। दिनभर चली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजयी खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया।



#### संसद खेल महोत्सव में छात्रों ने लिया हिस्सा

**महासमुंद।** 16 अक्टूबर को सांसद खेल महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें संकुल स्त्रोत केंद्र आदर्श के विभिन्न विद्यालयों आसी बाई गोलछा माध्यमिक विद्यालय महासमुंद, वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद, गुड शेफर्ड स्कूल, ब्लैलॉक स्कूल, उच्च प्राथमिक शाला श्रीराम के बच्चे प्रतियोगिता में भाग लिए। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ बालक बालिका वर्ग में खेल का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त खिलाड़ी 27 एवं 28 अक्टूबर को मिनी स्टेडियम महासमुंद में जोन स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। संकुल केंद्र आदर्श कन्या के सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन संकुल प्राचार्य जीआर सिन्हा के मार्गदर्शन एवं संकुल समन्वयक पवन साहू के नेतृत्व में छन्नू साहू खेल शिक्षक वेडनर मेमोरियल स्कूल महासमुंद, सोनिया बांधे खेल शिक्षक गुड शेफर्ड स्कूल, रेखराज ध्रुव खेल शिक्षक बजराज स्कूल, हेमंत खूंटे व्याख्याता आशीबाई गोलछा माध्यमिक विद्यालय एवं धनेंद्र साहू खेल शिक्षक ब्लैलॉक स्कूल महासमुंद के विशेष सहयोग से हुआ।



#### शहर में लगे विद्युत पोल का नंबरिंग कार्य शुरू

**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष निखिल मनोजकांत साहू के निर्देश पर शहर में लगे सभी बिजली पोल पर पहली बार नबंरिंग कराया जा रहा है। इससे पोल या स्ट्रीट लाइट में खराबी होने पर मरम्मत या मेंटेनेंस कार्य में आसानी होगी। नपाध्यक्ष साहू के इस सकारात्मक पहल का उद्देश्य आम जनों को सुविधा प्रदान करना है। किसी स्ट्रीट लाइट या पोल में समस्या आने पर नागरिक संबंधित पोल नंबर बताकर शिकायत दर्ज करा सकेंगे। जिससे समस्या का त्वरित समाधान किया जाएगा। नपाध्यक्ष साहू ने कहा कि कई बार पोल या लाइट खराब होने पर संबंधित इलाके में पोल या स्थल खोजने में परेशानी होती है। इससे समस्या के समाधान में अधिक समय लगता है और लोगों को परेशान होना पड़ता है। पोल नंबर रहने पर समस्या की आसानी से पहचान हो सकेगी। इससे व्यवस्था प्रबंधन व मेंटेनेंस सिस्टम अधिक प्रभावी होगा। निगरानी व्यवस्था में सुधार होगा।

#### छात्राओं ने जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण में लिया भाग

**महासमुंद।** शासकीय आशीबाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की रेडक्रास प्रभारी व्याख्याता नोबल ध्रुव के मार्गदर्शन में शाला की आठ छात्राओं का दल सिरपुर में आयोजित जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रास प्रशिक्षण शिविर में भाग लिए। शिविर में छात्राओं ने बौद्धिक परिचर्चा, प्रथमोपचार प्रशिक्षण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि सभी गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिए जिसमें रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में उन्हें द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। छात्राओं की उपलब्धि पर जिला रेडक्रास समिति के सभापति संदीप दीवान, जिला संगठक अशोक गिरि गोस्वामी, प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल मन्नाडे, तोषण गिरि गोस्वामी, ज्योति किरण चंद्राकर, पूजा साहू, तपस्या शर्मा, खेमलता कंवर आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## शहर के अयोध्या नगर में 4 दिवसीय ईशर-गौरा विवाह महोत्सव 19 से

**महासमुंद।** ईशर गौरा पूजा उत्सव समिति अयोध्या नगर के तत्वावधान में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शंभु ईशर-गौरा विवाह महोत्सव का 4 दिवसीय आयोजन वार्ड 03 अयोध्या नगर में किया गया है। सर्वप्रथम 19 अक्टूबर रविवार को शाम 7 बजे फूल कुचरनी का आयोजना होगा। बता दें कि फूल कुचरनी का तात्पर्य यह है कि ईशर गौरा चबूतरा में एक गड्ढा खोदकर पंच तत्वों से बना पदार्थ डालकर गड्ढा को पत्थर से ढंककर गीत के माध्यम से सात बार सादा चावल चढ़ाकर ईशर राजा एवं गौरी रानी को अमावस्या की रात आने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह कार्य कार्तिक पूर्णिमा से प्रारंभ हो जाता है। किन्तु, यह कार्य एक सप्ताह पूर्व किया जा रहा है। गांवों में यह परम्परा आज भी निभाया जाता है। जिसे फूल कुचरनी कहा जाता है। गांव की सभी महिलाएं एवं पुरूष सहित बच्चे सभी गौरा चबूतरा में उपस्थित होकर यह कार्य करते है। वहीं 20 अक्टूबर को अयोध्या नगर के निवासरत सभी महिलाएं सुवा नृत्य के माध्यम से शाम 7 बजे पुनः ईशर गौरा को जागृत करेंगे। 21 अक्टूबर को सुबह 10 बजे महामाया तालाब से नई टोकरी में मिट्टी लाएंगे। यह कार्य समाज के गायता पुजारी एवं कुंवारी कन्याएं करेंगी तथा ईशर राजा के सृजन का कार्य 3 देव (मरकाम, शोरी, खुसरो) के घर में किया जाएगा। इसी तरह गौरी रानी का सृजन 4 देव (नेताम, टेकाम, करियाम, छिद्राम) के घर किया जाएगा। सृजन के पश्चात रात 10 बजे सभी के घरों से करसा निकाल कर नगर भ्रमण करेंगी तत्पश्चात रात्रि 12 ईशर राजा की बारात निकाली जाएगी तथा गौरा रानी को लेकर ईशर गौरा चबूतरा (ठाना) में विवाह सम्पन्न कराई जाएगी। अंतिम दिवस 22 अक्टूबर को विधि विधान से सरोवर, पोखर, तालाब में विसर्जन किया जाएगा। ईशर गौरा पूजा उत्सव समिति अयोध्या नगर के सदस्यों ने नगरवासियों से ईशर-गौरा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है। उक्त जानकारी ईशर गौरा पूजा उत्सव समिति के अध्यक्ष चमनलाल ध्रुव, कोषाध्यक्ष रामायण ध्रुव, संयोजक कमलेश ध्रुव, संरक्षक मनराखन लाल ध्रुव ने संयुक्त रूप से दी है।

## तहसील और एसडीएम कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं किसान: रश्मि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- धान की खरीद में देरी और जटिल नियम से किसानों को परेशान कर रहे भाजपा सरकार

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि किसान विरोधी भाजपा सरकार का चाल चरित्र और चेहरा है कि किसानों से पूरी धान खरीदी करना न पड़े। आगे डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले के कई किसान इन दिनों रकबा कटौती से परेशान होकर तहसील और एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में किसान तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं और यहां अधिकारी-कर्मचारियों की राह तकते नजर आ रहे हैं। रश्मि ने कहा कि किसान अपनी समस्याओं का समाधान करवाने के लिए पहुंच रहे हैं। कुछ दिनों से यह सिलसिला जारी है। अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसान तहसील कार्यालय की भुईयां शाखा में लगातार आवेदन जमा कर रहे हैं। किसानों की माने तो पिछले वर्ष की तुलना में इस बार उनके रकबे में कटौती की गई है। जिससे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। रश्मि ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी, तब उनके रकबे के अनुसार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की थी। लेकिन इस वर्ष पोर्टल में कई किसानों के नाम पर शून्य क्विंटल धान दिख रहा है। जबकि किसान धान अपनी खेतों में रोपे है और अब मिजाई के बाद बिक्री के लिए आएंगे। किसानों के लिए यह एक बड़ी चिंता का विषय है। हम चाहते हैं भाजपा सरकार किसानों की मेहनत का सही दाम दे और खरीद प्रक्रिया को आसान बनाए। धान की खरीद में देरी और जटिल नियम से किसानों को परेशान कर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी किसानों की आवाज उठा रही है और सरकार से इन मुद्दों को तुरंत हल करने की मांग कर रही है। यह मुद्दा किसानों के जीवनयापन से जुड़ा है, इसलिए इस पर तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है। कंप्यूटराइज व्यवस्था के कारण किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। बहुत से किसानों के रकबा शून्य है, गायब है तो कई किसानों जमीन का रकबा भी कम है।





#### महंगाई भत्ता के लिए पेंशनरों ने सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन के पेंशनरों को देय महंगाई भत्ता की राशि भुगतान प्राप्त करने के लिए हमेशा लंबा इंतजार करना पड़ता है। शासन की इस उपेक्षा पूर्व रवैये के कारण नेंशनर आक्रोशित रहते है। इसी क्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद के पदाधिकारी/सदस्यगण महासमुंद कलेक्टर से मिलने कार्यालय पहुंचे। कलेक्टर की व्यस्तता के कारण पेंशनरों ने प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, तहसील अध्यक्ष रामकुमार साहू के नेतृत्व में सृष्टि चंद्राकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अपनी भावनाओं से अवगत कराते हुए देय तिथि से कुल 5 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने की मांग की। इस दौरान प्रमुख रूप से संगठन मंत्री-चमनलाल साहू, सहसचिव-राधेश्याम दुबे, कार्यकारिणी सदस्य-नेहरू साहू, विष्णु प्रसाद साहू, पुरूषोत्तम शर्मा, शिवनंदन भोसले, बोधन साहू, संतुराम, लच्छीराम, जगदीश ध्रुव, ज्ञानसिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।



#### रजत जयंती वर्ष पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

**महासमुंद।** रजत जयंती वर्ष पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. ज्योति गजभिए के मार्गदर्शन में माता कर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय मचेवा में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक डॉ. सर्वेश दुबे ने अपने व्याख्यान में आयुर्वेद के माध्यम से आहार-विहार, ऋतुचर्या, दिनचर्या, जठराग्नि, ओज, मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम के विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. दुबे ने आचार रसायन के महत्व तथा असम्यक निद्रा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में भी बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में आयुर्वेदिक सिद्धांतों को अपनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं तनाव मुक्त जीवन जीने के उपाय बताए। संगोष्ठी में कुल 52 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें 47 छात्राएं एवं 5 स्टाफ सदस्य शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन लाइफस्टाइल क्लिनिक, शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद द्वारा किया गया।



## निर्धारित पाठ्यक्रम अनुसार नियमित अध्यापन कराए शिक्षक: डीईओ

**महासमुंद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झलप में जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे एवं डीएमसी रेखराज शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित सभी व्याख्याताओं एवं शिक्षकों की स्टाफ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कक्षा 10वीं के 47 प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर चिंता व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सभी शिक्षक निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार नियमित अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें, दैनंदिनी का संधारण करें तथा विद्यार्थियों की प्रतिदिन कॉपियां जांचें। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को स्तर अनुसार चिन्हांकित कर उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुसार विशेष मार्गदर्शन दिया जाए। सभी शिक्षक अपने कालखंड में टीएलएम का उपयोग करें और प्रत्येक विषय के प्रयोगात्मक कार्य अनिवार्य रूप से कराएं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में अनुपस्थित बच्चों के लिए जन सहयोग से अभियान चलाकर उन्हें विद्यालय से जोड़ा जाए तथा पालक संपर्क को प्राथमिकता दी जाए। जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्य को प्रतिदिन कक्षा अवलोकन करने एवं शिक्षकों के साथ निरंतर स्टाफ बैठक आयोजित कर परिणाम सुधार के लिए चिंतन करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत अपार आईडी निर्माण एवं यू-डाइस में पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाए। इस अवसर पर खेल अधिकारी अंजलि बरमाल, बीईओ लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा तथा सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी हीना धालेन उपस्थित रहीं।

## महासमुंद मेडिकल कॉलेज की समस्याओं का शीघ्र होगा समाधान, स्वास्थ्य मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद मेडिकल कॉलेज से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व विधायक एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से भेंट की। डॉ. चोपड़ा सहित प्रतिनिधिमंडल ने डीन और उनके स्टाफ द्वारा पूर्व में रखी गई समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने गंभीरता दिखाते हुए उनके त्वरित निवारण का आश्वासन दिया। चर्चा के दौरान मेडिकल कॉलेज महासमुंद के छात्रों के लिए हॉस्टल की व्यवस्था न होने की समस्या डॉ. चोपड़ा ने स्वास्थ्य मंत्री को बताई, जिसपर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल वन मंत्री से फोन पर बात की। और उन्होंने वन मंत्री से अनुरोध किया कि महासमुंद वन विभाग के प्रशिक्षण केंद्र का खाली हॉस्टल एक वर्ष की अवधि के लिए मेडिकल कॉलेज को दिया जाए। इस हॉस्टल का उपयोग अस्थायी मेडिकल कॉलेज हॉस्टल के रूप में किया जाएगा, तब तक मेडिकल कॉलेज का अपना स्थायी हॉस्टल बनकर तैयार हो जाएगा। जिस पर वन मंत्री ने शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके साथ सीआर्म और सीटी स्कैन मशीनों की खरीदी के लिए राशि सीजीएमएससी के पास होने के बावजूद खरीदी न हो पाने के मामले पर स्वास्थ्य मंत्री ने तत्काल स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और सीजीएमएससी के एमडी से बात की। और स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी स्पष्ट तौर पर निर्देश दिया है कि क्रय (खरीदी) प्रक्रिया में विलंब न हो, यदि एक महीने के भीतर खरीदी संबंधी फाइलें क्लियर नहीं होती हैं, तो स्वास्थ्य मंत्री स्वयं मेडिकल कॉलेजों को सीधे खरीदी की अनुमति प्रदान कर देंगे।

डॉ. चोपड़ा ने बताया की आरक्षण रोस्टर न मिलने के कारण संविदा/कलेक्टर दर पर होने वाली स्थानीय भर्तियां रुकी हुई हैं। इस पर भी स्वास्थ्य मंत्री ने शीघ्र ही आरक्षण रोस्टर हेतु प्रयास करने का आश्वासन दिया। डीन को 20 लाख रुपए तक की अनुमति देने के विषय में प्रतिनिधिमंडल ने ध्यान आकर्षित कराया कि डीन केवल प्रस्ताव भेज सकते हैं, जबकि खरीदी का अधिकार सीजीएमएससी के पास ही है। डॉ. चोपड़ा ने मांग की कि प्रशासनिक स्वीकृति के लिए मंत्रालय या सीजीएमएससी पर निर्भरता खत्म करते हुए 20 लाख तक की ख़रीदी का अधिकार सीधे डीन को दिया जाए। स्वास्थ्य मंत्री से मिले आश्वासन के बाद डॉ. विमल चोपड़ा शीघ्र ही सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के से मिलकर कॉलेज की सभी समस्याओं के हल के लिए आगे की चर्चा करेंगे। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि वे हॉस्टल के विषय में दीपावली के बाद वन मंत्री और सीसीएफ से मिलकर इस समस्या को जल्द से जल्द हल करने का प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में डॉ. चोपड़ा के साथ डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. किशोर सिन्हा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।





**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय में गुरुवार को दीपावली उत्सव पर सुवा नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्राएं पारम्परिक वेशभूषा में स्कूल पहुंची। स्कूल परिसर में छत्तीसगढ़ी गीतों से मनमोहक सुवा नृत्य की प्रस्तुति दी।नृत्य को लेकर छात्राओं में उत्साह देखा गया। बालिकाओं ने रंगबिरंगी और सुंदर संदेश देते हुए रंगोली की छाया चित्र शिक्षा, स्वास्थ्य व वैज्ञानिक गतिविधियों के बारे में वीडियो के माध्यम से अभिभावकों को जागरूकता संदेश दिया। स्कूल को दीवाली से पहले स्वच्छता अभियान से स्वच्छ किया गया। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने दीपावली को प्रकाश पर्व के रूप में मनाने के उद्देश्य और इनके महत्व पर छात्राओं को जानकारी दिया। मंच का संचालन शिक्षिकाओं ने किया। रमा यादव, भारती, तेजेश्वरी यादव, नीरा निषाद, गोदावरी, रघुराज निषाद, ख़ेमिन साहू, यामिनी चंद्राकर, जागृति यदु, पुष्पलता यादव, चंद्रिका बघेल, हीना निषाद , द्रोपदी मन्नाडे आदि मौजूद रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप



### पासीद स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल पासीद में निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नेमचंद जायसवाल, बसंत बाई रौतिया (सरपंच), ग्राम प्रमुख मंशा राम ठाकुर, महेश साहू (विधायक प्रतिनिधि), ईशु रौतिया, विजय कुमार तिवारी (प्रभारी प्राचार्य), मिलन राम चक्रधारी, कौशल प्रसाद चंद्राकर, किसलाल ध्रुव, इंदु ठाकुर, बारेलाल ध्रुव, रामकुमार निषाद, रामकुमार साहू उपस्थित रहे। मंच संचालन संतोष कुमार साहू शिक्षक ने किया।

### भाई दूज 23 को, स्थानीय अवकाश घोषित

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा कैलेंडर वर्ष 2025 के लिए समस्त शासकीय कार्यालयों तथा संस्थाओं के लिए पूर्व में जारी आदेश में संशोधित किया गया है। संशोधित आदेशानुसार दीपावली का दूसरा दिन (गोवर्धन पूजा) 21 अक्टूबर को घोषित स्थानीय अवकाश को परिवर्तित करते हुए भाई दूज (दीपावली) के दिन गुरुवार 23 अक्टूबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय, उपकोषालय के लिए लागू नहीं होगा।

## निधन

### काशीबाई गोस्वामी



**महासमुंद।** ग्राम तोरला (पटेवा) निवासी काशी बाई गोस्वामी (90) का निधन हो गया। वे गोस्वामी समाज के प्रांतीय पदाधिकारी संजय गिरि की नानी तथा महिला प्रकोष्ठ संयोजक सुधा गोस्वामी की नानी सास थीं। उनके निधन पर गोस्वामी समाज के जिला अध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, पूर्व प्रांताध्यक्ष अशोक गिरि, रामेंद्र प्रकाश गिरि, सुरेंद्र गिरि, विजय पुरी, राजेश पुरी, ईश्वर पुरी, मनोज गिरि, ओमप्रकाश पुरी, अजय गिरि, प्रदीप गिरि, संतोष गिरि, चंदन पुरी, सीता गोस्वामी, मनीषा गोस्वामी, प्रियंका गोस्वामी आदि पदाधिकारियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

### समस्याः भुरकोनी से मोहंदा मार्ग खराब, बड़े-बड़े गड्ढे से यात्रा मुश्किल

# पिथौरा पहुंचने 12 किमी का अतिरिक्त सफर कर रहे 26 गांव के लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना



भुरकोनी-बुंदेली क्षेत्रवासी बरसों से ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए पक्की सड़क के मोहताज है। क्षेत्रवासियों को पिथौरा जाने के लिए सबसे नजदीक का मुख्य रास्ता भुरकोनी से मोहंदा तक तो इन दिनों अपने सबसे खराब खस्ताहाल दौर में है। बड़े बड़े गड्ढों के कारण लोग अब इस रास्ते से चलने से ही कतराने लगे है। ब्लॉक व तहसील मुख्यालय जाने के लिए इस नजदीकी खस्ताहाल मार्ग में जाने के बजाय अब लोग तेंदूकोना होते 12 किलोमीटर घूमकर जाना पसंद करते है, वैसे इन दिनों ये सड़क भी खराब है।

भुरकोनी से मोहदा पहुंच मार्ग लगभग 5 किलोमीटर पक्की सड़क विगत कई वर्षों से भुरकोनी क्षेत्र के ग्रामीणों का सबसे बड़ा मांग है। मगर अफसोस की बात ये मांग आज पर्यंत तक पूरा ही नहीं हो पाया है। जिसमें 20-25 ग्राम पंचायतों का पिथौरा तहसील मुख्यालय, जनपद पंचायत, हॉस्पिटल, कॉलेज, रजिस्ट्री ऑफिस एवं अन्य कार्य से ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों आवागमन बना होता है। इस सड़क को पक्की बनाने की मांग प्रतीक पटवा उपसरपंच ग्राम पंचायत खेड़ीगांव द्वारा कई बार शिविर, सुशासन तिहार और सोशल मीडिया के माध्यम से शासन से किया जाता रहा है। सबसे खास बात ये 5 किलोमीटर मार्ग वनविभाग के अंतर्गत आता है और जानकारी के अनुसार इस मार्ग को पक्की करने की स्वीकृति भी 5 साल पहले मिल भी चुकी हैं। टेंडर वगैरह भी हो चुका है, कागजों में डब्लूबीएम भी बन चुका हैं, मगर इस सड़क की जमीनी हकीकत कुछ और ही है। इस कच्चे मार्ग में मुरूम और गड्ढे बस दिखते हैं। वैसे एक और खास बात वन विभाग द्वारा हर साल इस मार्ग मरम्मत के नाम से बहुत खर्च भी कागजों में खर्च करता है। उसके बावजूद इस सड़क की स्थिति आज तक नहीं सुधर सकी है। गड्ढों की मरम्मत की मांग करने पर वन विभाग द्वारा रोड मरमत करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक रोड पर एक टैक्टर मुरूम भी नहीं डाला गया है। बस झूठी तसल्ली दी गई थी। पूर्व में भी इसकी स्वीकृति हुई थी। किसी ठेकेदार द्वारा टेंडर लिया गया था। मगर कुछ दिन नाम मात्र मुरूम डाला गया। आज तक डामरीकरण नहीं किया, इसकी भी जांच की मांग की थी। इस संबंध में पिथौरा रेंज के रेंजर सालिक राम डडसेना से फोन लगाकर पूछने पर उन्होंने इस मार्ग को डब्लूबीएम बताया और अतिशीघ्र मरम्मत करवाने की बात कही।

# बसना विधायक ने कहाः बेटियां बढ़ेगी, तो देश भी बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

सांकरा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर में निःशुल्क 'सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल, अध्यक्षता जनपद पंचायत पिथौरा की अध्यक्षा उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम धृतलहरे रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. संपत अग्रवाल ने अपने प्रेरक एवं विचारोत्तेजक उद्बोधन में कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा निवेश है। जब बेटियां शिक्षा के पथ पर आगे बढ़ेंगी, तो समाज और राष्ट्र दोनों प्रगति करेंगे। साइकिल केवल एक साधन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान की दिशा में एक सशक्त कदम है।



हमारे प्रदेश सरकार की यह योजना इस विश्वास को मजबूत करती है कि हर बेटी को शिक्षा पाने का समान अवसर मिले। यह साइकिल केवल विद्यालय तक पहुंचने का साधन नहीं, बल्कि सपनों तक पहुंचने की राह है। आज की ये बेटियाँ कल की डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, अधिकारी और समाज की प्रेरणा बनेंगी, यही हमारी सच्ची सफलता है। उन्होंने यह भी कहा कि सावित्रीपुर जैसे ग्रामों में शिक्षा के प्रति जो जागरूकता बढ़ रही है, वह समाज के उज्ज्वल भविष्य की निशानी है। उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा कि जनपद पंचायत का उद्देश्य है कि हर बालिका निर्भय होकर विद्यालय तक पहुँच सके। यह योजना बालिकाओं के आत्मविश्वास, स्वावलंबन और सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल है।

विशिष्ट अतिथि पुरुषोत्तम धृतलहरे ने कहा शिक्षा और सहयोग ही समाज को आगे बढ़ाने के दो सशक्त स्तंभ हैं। हमें अपने बच्चों, विशेषकर बेटियों के सपनों को साकार करने में साथ देना चाहिए, यही सच्ची सेवा है। इस अवसर पर सावित्रीपुर के सरपंच कमल बरिहा, उपसरपंच माधव रात्रे, एसएमडीसी अध्यक्ष केतब बारिक तथा नागरिक गोकुलानंद प्रधान, लाला निराला, दीपक अन्नत, दिलीप प्रधान, धनुर्जय, अंगिरा, सरजू नाग, प्रदीप बारिक, पुस्तम बारिक, संजय मिरी एवं कीर्तन दल सहित अनेक प्रतिष्ठित नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य पी सिदार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि "ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को न केवल सुविधा प्रदान करते हैं, बल्कि उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित भी करते हैं। यह संपूर्ण कार्यक्रम बीडी साहू तथा संकुल समन्वयक पीएल चौधरी के मार्गदर्शन एवं सहयोग में सफलतापूर्वक हुआ।

## शिवा आईटीआई टेका में 6वां दीक्षांत समारोह हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा



शिवा प्राइवेट आईटीआई टेका द्वारा 6वां दीक्षांत समारोह 2025 उजाला पैलेस पिथौरा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संपत अग्रवाल विधायक (बसना) ने विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उषा पुरुषोत्तम घृतलहरे ने की। विशिष्ट अतिथि ब्रह्मानंद पटेल, रामदुलारी सीताराम सिन्हा, कामली बसंत, स्वप्निल तिवारी, मुन्नू पांडेय, सत्यनारायण अग्रवाल तथा सेवानिवृत्त शिक्षक नरेश कुमार नायक उपस्थित रहे। संस्था की ओर से डायरेक्टर एलके शर्मा, प्रशासनिक अधिकारी योगेश्वर डड़सेना, अधीक्षक रंजना ठाकुर, तेजप्रताप पटेल, बहादुर साहू, तथा अन्य स्टाफ सदस्य किशन साहू, संतोष साहू, जयभगवान निर्मलकर, कोमल प्रसाद साहू, गायत्री भट्ट आदि उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि तकनीकी शिक्षा से प्रशिक्षित युवा देश के विकास की आधारशिला हैं। उन्होंने छात्रों से आत्मनिर्भर बनने और समाज सेवा में अग्रसर रहने का आह्वान किया। संस्था के डायरेक्टर एलके शर्मा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि शिवा आईटीआई लगातार कौशल विकास और गुणवत्ता प्रशिक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन नोडल एफए नंद एवं आभार प्रदर्शन प्रशासनिक अधिकारी योगेश्वर डड़सेना ने किया।

# शानदार प्रस्तुति के लिए छात्रों का हुआ सम्मान






हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली (ग्रामीण)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गापाली के विद्यार्थी, प्राचार्य निमंकर पटेल के मार्गदर्शन में शाउमावि सिरपुर में आयोजित जिला स्तरीय रेडक्रॉस शिविर में सम्मिलित हुए। प्रभारी शिक्षक रामप्रसाद यादव के नेतृत्व में 8 छात्राओं ने प्रशिक्षण स्थल पर अपना योगदान दिया, जिसके लिए उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही जिला स्तरीय शिविर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरे जिले में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। शानदार प्रस्तुति के लिए प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो से सम्मानित किया गया। शिविर में चित्रलेखा पटेल, गायत्री पटेल, रोशनी तांडी, छाया पटेल, जुही दास, रोशनी, वर्षा पटेल, विनीता यादव ने सहभागिता दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्रीविशाल जोल्हे, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी लोकेश्वर सिंह कंवर, बीआरसीसी अनिल साव, विद्यालय के शिक्षकगण व पालकों ने हर्ष जताया है।

## जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला एवं क्विज़ प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को ग्राम पंचायत बिरकोनी में हाथ धुलाई दिवस एवं एड्स जागरुकता कार्यक्रम अंतर्गत चित्रकला एवं क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हेमराज चंद्राकर बिरकोनी, विशिष्ट अतिथि पवन कुमार, डोल कुमार रहे। मेरा युवा भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में स्वच्छता, स्वास्थ्य, हाथ धुलाई दिवस एवं एड्स/ एचआईवी के प्रति जागरुकता लाना है। शामुवेल बर्मन ने कहा कि एचआईवी/ एड्स कोई अभिशाप नहीं, बल्कि जागरूकता और सावधानी से इससे बचाव संभव है। चित्रकला एवं क्विज़ प्रतियोगिता हुई। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका गायकवाड, द्वितीय रुखमनी साहू, तृतीय शारदा साहू एवं क्विज़ प्रतियोगिता में प्रथम शीतल सोनवानी, द्वितीय डिगेशवरी साहू, तृतीय उत्तरा निषाद रहे। इन्हें प्रमाण पत्र, मोमेंट एवं पुरस्कार देकर सम्मान किया गया। आभार व्यक्त कुलदीप अमर ने किया।

# पशु चिकित्सालय पिथौरा में हुई समीक्षा बैठक और अभिनंदन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप



मंगलवार को पशु चिकित्सालय पिथौरा में पशुधन विकास विभाग में कार्य आधारित मानदेय पर कार्य करने वाले गो सेवक, मैत्री संघ की बैठक रखा गया। जिनमें छग संयुक्त संघ गौसेवक पीएआईडब्लू और मैत्री के प्रांत अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह राजपूत, सचिव पुष्पकांत शर्मा, कोषाध्यक्ष धर्मेश साहू का आगमन हुआ। जिला महासमुंद के अध्यक्ष और प्रांत सहसचिव रामकृष्ण सिन्हा ने आए हुए अतिथि का स्वागत पुष्पगुच्छ और हार पहनाकर स्वागत किया। वहीं जिला के कोषाध्यक्ष पुण्य केतन साव ने सभी को फेटा पहना कर और डॉ डीएन पटेल ने सभी को साल और नारियल देकर सम्मानित किया। पदाधिकारी ने बताया कि आज हम सभी पशुधन विकास विभाग में जो कार्य कर रहे है वो कार्य आधारित मानदेय पर हो रहा है, जिनमें विभाग के सभी प्रकार के कार्य निरंतर 20 वर्षों से करते आ रहे है। आज हमारी संघ को गोधाम योजना में छग गौसेवा आयोग के पहल पर जिस तरह से प्राथमिकता दिए हैं, उनके लिए छग गौसेवा आयोग के अध्यक्ष बिसेसर पटेल और संरक्षक संत बालक दास महाराज का आभार व्यक्त किया। बैठक में सुरेश मालिक, डोमन यादव, भगीरथी भोई, भरत यादव, झम्मन साहू, धनुर्जय, शंकर, कुलेश्वर, तीर्थराज रतन सिदार, रज्जू दीवान, राजू क्षत्रीय, प्रवीन, लिकेश, रमेश, ईश्वरी, राजेंद्र साहू उपस्थित रहे। आभार व्यक्त जिलाध्यक्ष रामकृष्ण सिन्हा ने किया।




# चंडी मंदिर घुंचापाली प्रांगण में हुआ साहू समाज तहसील का चुनाव, अध्यक्ष बने एवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खल्लारी

साहू समाज तहसील के अध्यक्ष सहित अन्य प्रमुख पदों के लिए मां चंडी मंदिर घुंचापाली प्रांगण में चुनाव हुआ। जिसमें एवन साहू तहसील अध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रत्याशी देवेश साहू को 196 मतों से पराजित किया। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पुरुष के लिए चिंताराम साहू, उपाध्यक्ष महिला जान्हवी साहू, संगठन सचिव पुरूष भीमराव साहू, संगठन सचिव महिला पद पर खिलेश्वरी साहू निर्वाचित हुई।

पूरे दिन चुनाव स्थल में बागबाहरा तहसील पदाधिकारियों के लिए मतदान केंद्र में अधिकृत मतदाता मतदान के लिए पहुंचे थे। इस दिन मतदान की प्रक्रिया में तहसील क्षेत्र के आठ परिक्षेत्र, सुरमार क्रमांक एक, दो, तीन, चार परिक्षेत्र, जय खल्लारी परिक्षेत्र, सिंधी परिक्षेत्र, तेंदुकोना परिक्षेत्र एवं टेमरी परिक्षेत्र के 823 मतदाताओं में 799 मतदाताओं ने भाग लिया। जिला साहू समाज के अध्यक्ष धरम दास साहू के मार्गदर्शन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नोहर दास साहू ने सहायक श्यामलाल साहू के सहयोग से मतदान की प्रक्रिया संपन्न की। रमेश साहू, मोती साहू, प्रेम साहू, डोलमणी साहू चुनाव पर्यवेक्षक थे। इस अवसर पर जिला



उपाध्यक्ष तुलाराम साहू, वर्तमान तहसील बागबाहरा अध्यक्ष भेखलाल साहू, सिंधी परिक्षेत्र अध्यक्ष नोहर साहू आदि उपस्थित थे। मतदान के बाद देर शाम परिणामों की घोषणा होने तक सामाजिकजनों में उत्सुकता बनी रही। साहू समाज से प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी चार पदों के लिए त्रिकोणी संघर्ष था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए एवन साहू को 426, देवेश साहू 230 एवं विश्वनाथ साहू को 129 मत मिले। इसमें एवन साहू ने 196 मतों से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पुरूष वर्ग चिंताराम साहू 337, हरक साहू 275 एवं हेमंत साहू को 173 मत प्राप्त हुए। इसमें चिंताराम साहू 62 मतों से विजयी रहे। उपाध्यक्ष महिला वर्ग हेतु जान्हवी साहू 399, ममता साहू 270 एवं प्रिया साहू को 112 मत मिले। इसमें जान्हवी साहू ने 128 मतों से जीत दर्ज की। संगठन सचिव पुरूष वर्ग भीमराव साहू को 167, रेखराज साहू (पिंटू) 334 एवं सोमनाथ साहू को 278 मत प्राप्त हुए। जहां रेखराज साहू 56 मतों से विजयी हुए। इसी प्रकार संगठन सचिव महिला पद के लिए जितेश्वरी साहू को 243 तो खिलेश्वरी साहू यहां 133 मतों से विजयी हुई।

### कसौटी पर खरा उतरने करूंगा प्रयास : एवन

नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष एवन साहू ने अपनी जीत पर समाज के वरिष्ठजनों एवं सामाजिक मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा मैं आप लोगों द्वारा दी गयी जिम्मेदारी की कसौटी पर खरा उतरू। मुझे विश्वास है कि भविष्य में आपका सहयोग व मार्गदर्शन इसी प्रकार से प्राप्त होता रहेगा।

